भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2006
दिनांक 06 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एचपीवी का टीका

†2006. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या भारत में सर्वाईकल कैंसर की दर विश्व में सबसे अधिक है और इसका प्राथमिक कारण ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एचपीवी) है और शीघ्र टीकाकरण करने से यह जोखिम 90 प्रतिशत तक कम हो जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या लड़कियों में एचपीवी के टीके को बढ़ाने/लगाने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने, लागत कम करने और हमारे स्वास्थ्य परिचर्या संसाधनों को और अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलती है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) देश में एचपीवी के कब तक शुरू किए जाने की संभावना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (आईसीएमआर-एनसीआरपी) के अनुसार, वर्ष 2023-2024 के दौरान देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या 81121 है। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

*****